Teachingninja.in

Latest Govt Job updates

Private Job updates

Free Mock tests available

Visit - teachingninja.in

# 31st BPSC Judicial Services

## Previous Year Paper (Mains) (Commercial Law) 2021

Teachingninja.in

ALL RIGHTS RESERVED
सर्वाधिकार सुरक्षित

04/CAL/M-2021-10

**2021**

# COMMERCIAL LAW
# वाणिज्य विधि

*Time Allowed* : 3 hours *Maximum Marks* : 150

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 150

*Marks are indicated against each question*

*प्रत्येक प्रश्न के अंक अंत में दिए गए हैं*

Answer **six** questions, taking at least **on**
from each Group

प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनत
कुल छः प्रश्नों के उत्तर दें

## GROUP—A / ख

**( Sale of Go ds Act )**

**( माल विक्रय संविदा )**

1. (a) Discuss t ctrine of 'nemo dat quod non hal Explain all the exceptions whic ply to this doctrine. 5+10=15

'नेमो डेट कोड नॉन हैबेट' के सिद्धान्त की विवेचना कीजिये। उन सभी अपवादों को स्पष्ट कीजिये जो इस सिद्धान्त पर लागू होते हैं।



Teachingninja.in

(b) Who is called an unpaid seller? What are various rights available to an unpaid seller under the Sale of Goods Act, 1930? Explain. 10

असंदत्त विक्रेता किसे कहा जाता है? माल विक्रय अधिनियम, 1930 के अन्तर्गत असंदत्त विक्रेता को प्राप्त विभिन्न अधिकार क्या हैं? स्पष्ट कीजिये।

**2.** (a) What do you understand by 'condition' and 'warranty' in a contract for sale? Distinguish between the terms 'conditions' and 'warranties'. When is breach of condition treated as breach of warranty? 5+5+5=15

विक्रय के लिये संविदा में 'शर्त' तथा 'वारन्टी' से आप क्या समझते हैं? 'शर्त' एवं 'वारन्टी' संज्ञाओं में अन्तर स्पष्ट कीजिये। कब शर्त का भंग हो जाना, वारन्टी भंग होने की तरह माना जाता है?

(b) *A* asked *B*, a medicine merchant, for a hot water bottle and inquired if it would stand hot boiling water. *B* sold an American rubber bottle to *A* saying that it would stand hot boiling water. The bottle which was purchased by *A* for his wife, bursts and injures *A*'s wife. *A* sues *B* for damages. Decide the issue with reason. 10

*A* ने *B*, जो दवाई विक्रेता है, से एक गर्म पानी की बोतल देने के लिये कहा और पूछा कि क्या उसमें गर्म उबलता

( Continued )



Teachingninja.in

हुआ पानी ठहर सकेगा। $B$ ने $A$ को अमेरिकन रबड़ की बोतल यह कहते हुए दी कि उसमें गर्म उबलता हुआ पानी ठहर सकेगा। $A$ ने बोतल अपनी पत्नी के लिये खरीदी थी, वह फट गई और $A$ की पत्नी जख्मी हो गई। $A$, $B$ के विरुद्ध क्षतिपूर्ति के लिये वाद करता है। इस विवाद का निर्णय कारण सहित बताइये।

## GROUP—B / खण्ड—ख

## ( Negotiable Instruments Act )

## ( परक्राम्य लिखत अधिनियम )

3. (a) What do you mean by 'negotiable instrument'? Discuss its characteristics and kinds. Explain essentials of a 'cheque'. 5+5+5=15

'परक्राम्य लिखत' से आपका क्या अभिप्राय है? इसकी विशेषताओं एवं इसके प्रकार की विवेचना कीजिये। 'चैक' के आवश्यक तत्त्वों पर प्रकाश डालिये।

(b) A document contained, "Received from Mr. and Mrs. T. Claydon, the sum of ₹ 10,000 as a loan to be paid back in full by July 1, 1983 with interest rate of 20% per annum".

Explain whether this document amounts to a promissory note or not. Give reasons. 10



Teachingninja.in

एक दस्तावेज में लिखा था, "मिस्टर एवं मिसेज टी० क्लेडॉन से ₹ 10,000 की रकम ऋण के रूप में प्राप्त की, जो 1 जुलाई, 1983 तक पूर्णतः 20% वार्षिक ब्याज के साथ वापस लौटा दी जायेगी"।

उपर्युक्त दस्तावेज वचन-पत्र है या नहीं स्पष्ट कीजिये। कारण भी बताइये।

4. (a) What do you understand by the terms 'holder' and 'holder in due course'? Discuss the rights and privileges of holder in due course. 5+10=15

'धारक' एवं 'सम्यक् अनुक्रम धारक' संज्ञाओं से आप क्या समझते हैं? सम्यक् अनुक्रम धारक के अधिकारों एवं विशिष्ट सुविधाओं की विवेचना कीजिये।

(b) What do you mean by 'presentment'? What are the rules for presentment in the context of time and place? Explain the situation when the presentment is not necessary. 10

'उपस्थापन' से आपका क्या अभिप्राय है? समय एवं स्थान के संदर्भ में उपस्थापन के क्या नियम हैं? उस परिस्थिति को स्पष्ट कीजिये, जब उपस्थापन आवश्यक नहीं है।

Teachingninja.in

GROUP—C / खण्ड—ग

**( Company Law )**

**( कम्पनी विधि )**

**5.** *(a)* Define 'Memorandum of Association' of a company. Discuss different clauses (contents) of Memorandum of Association. Make distinction between Memorandum of Association and Articles of Association. 10+5=15

कम्पनी के 'संगम ज्ञापन' को परिभाषित कीजिये। संगम ज्ञापन के विभिन्न अनुबन्धों (विषय-वस्तु) की विवेचना कीजिये। संगम ज्ञापन एवं संगम अनुच्छेद में अन्तर स्पष्ट कीजिये।

*(b)* What do you understand by 'doctrine of indoor management'? Explain the exceptions of this doctrine. 10

'आंतरिक प्रबन्धन के सिद्धान्त' से आप क्या समझते हैं? इस सिद्धान्त के अपवादों को स्पष्ट कीजिये।

**6.** *(a)* Who can appoint a Director in the company? Explain the conditions precedent to such appointment. Discuss the duties of Directors. 5+5+5=15

कम्पनी में निदेशक कौन नियुक्त कर सकता है? ऐसी नियुक्ति से पूर्व शर्तों को स्पष्ट कीजिये। निदेशकों के कर्तव्यों की विवेचना कीजिये।



Teachingninja.in

(b) What are different types of meetings in a company? Explain and discuss the formalities to be fulfilled for such meetings. 5+5=10

कम्पनी में कितने प्रकार की विभिन्न सभाएँ होती हैं? इन सभाओं को आयोजित करने में पूर्ण की जाने वाली औपचारिकताओं को स्पष्ट कीजिये।

7. (a) Discuss the composition of the National Company Law Tribunal (NCLT). Critically examine the status and powers of the National Company Law Tribunal. 5+10=15

राष्ट्रीय कम्पनी विधि अधिकरण (रा० क० वि० अ०) की संरचना की विवेचना कीजिये। राष्ट्रीय कम्पनी विधि अधिकरण की प्रस्थिति एवं शक्तियों का विश्लेषण कीजिये।

(b) Discuss the rationale and qualifications of 'independent directors'. Comment on the role of an independent director. 5+5=10

'स्वतन्त्र निदेशकों' के औचित्य एवं योग्यताओं की विवेचना कीजिये। एक स्वतन्त्र निदेशक की भूमिका पर टिप्पणी कीजिये।

Teachingninja.in

GROUP—D / खण्ड—घ

**( Indian Partnership Act, 1932 )**

**( भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 )**

8. (a) What are essentials to the constitution of a partnership? Discuss and explain why 'mutual agency' is considered to be the true test of partnership. 10+5=15

एक भागीदारी के निर्माण के क्या आवश्यक अवयव हैं? विवेचना कीजिये एवं स्पष्ट कीजिये कि 'पारस्परिक अभिकरण' को भागीदारी का शुद्ध प्रमाण क्यों माना जाता है।

(b) What do you understand by 'goodwill of a firm'? Discuss the provisions of the Partnership Act, 1932 relating to use and sale of goodwill of a firm. 10

'फर्म की सदिच्छा' से आप क्या समझते हैं? फर्म की सदिच्छा के उपयोग एवं विक्रय से सम्बन्धित भागीदारी अधिनियम, 1932 के प्रावधानों की विवेचना कीजिये।

9. (a) What do you mean by 'implied authority of a partner'? Discuss what can be done by a partner under implied authority. 5+10=15

'भागीदार के विवक्षित अधिकार' से आपका क्या अभिप्राय है? विवक्षित अधिकार के अन्तर्गत एक भागीदार क्या-क्या कर सकता है, विवेचना कीजिये।

Teachingninja.in

(b) A managing partner appoints $X$ as a lawyer to defend a suit brought against the firm without an express consent of the remaining partners. Does this action fall within the implied authority of the partner? Discuss in the light of legal provisions. 10

फर्म का एक प्रबन्धक भागीदार $X$ वकील को फर्म के विरुद्ध दायर वाद में बचाव के लिये अन्य भागीदारों की सहमति के बिना नियुक्त कर लेता है। क्या यह कार्य भागीदार के विवक्षित अधिकार के अन्तर्गत आता है? विधायी प्रावधानों के संदर्भ में विवेचना कीजिये।

10. (a) What do you mean by 'dissolution of partnership firm'? What are various modes of dissolution of partnership firm? Discuss. 5+10=15

'भागीदारी फर्म के विघटन' से आपका क्या अभिप्राय है? भागीदारी फर्म के विघटन के विभिन्न ढंग क्या हैं? विवेचना कीजिये।

(b) How can a partner retire from a partnership firm? Discuss the rights and liabilities of a retiring partner under the Partnership Act, 1932. 10

भागीदारी फर्म से एक भागीदार किस प्रकार निवृत्त हो सकता है? भागीदारी अधिनियम, 1932 के अन्तर्गत निवृत्त भागीदार के अधिकारों एवं दायित्वों की विवेचना कीजिये।

★★★



Teachingninja.in